षोडश बिहार विधान सभा

तृतीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 29 जुलाई, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.20 बजे पूर्वा० तक

[1] अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन :-

यथा संलग्न ।

[2] अध्यासी सदस्यों का मनोनयन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने षोडश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्नांकित 5 (पाँच) सभा सदस्यों को अध्यासी सदस्य मनोनीत किया है :-

(i) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(ii) श्री मोहम्मद इलियास हुसैन
(iii) श्री राम नारायण मंडल
(iv) श्री (डॉ०) अशोक कुमार
(v) श्रीमती लेशी सिंह

[3] कार्यमंत्रणा समिति का गठन :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा षोडश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के लिए निम्न प्रकार से कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया गया :-

(i) अध्यक्ष, बिहार विधान सभा - सभापति
(ii) श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री - सदस्य
(iii) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, उप मुख्यमंत्री - सदस्य
(iv) श्री श्रवण कुमार, मंत्री, संसदीय कार्य - सदस्य
(v) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, मंत्री, वित्त - सदस्य
(vi) श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा - सदस्य
(vii) श्री प्रेम कुमार, नेता विरोधी दल - सदस्य
(viii) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० - सदस्य

विशेष आमंत्रित सदस्य

(i) श्री अरूण कुमार सिन्हा, स०वि०स०

(ii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०

(iii) श्री ललन पासवान, स०वि०स०

(iv) श्री राज कुमार साह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[4] अनुमत विधेयकों के विवरण का सभा पटल पर रखा जाना :-

सभा सचिव द्वारा बिहार विधान सभा में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथा पारित तथा सत्रोपरांत महामहिम राज्यपाल द्वारा अनुमत विधेयकों का निम्न विवरण सभा पटल पर रखा गया :-

क्रमांक	विधेयकों का नाम	अनुमति की तिथि
(i)	बिहार विनियोग विधेयक, 2016	11.03.2016
(ii)	बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2016	30.03.2016
(iii)	बिहार उत्पाद (संशोधन) विधेयक, 2016	31.03.2016
(iv)	बिहार मूल्यवर्द्धित कर विधेयक, 2016	01.04.2016
(v)	बिहार पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2016	01.04.2016
(vi)	बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग विधेयक, 2016	05.04.2016
(vii)	बिहार कराधान विवाद समाधान विधेयक, 2016	05.04.2016

[5] वित्तीय कार्य :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

[6] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की :-

(i) स्व० नारायण सिंह, पूर्व स०वि०स०

(ii) स्व० शकीलुर्रहमान, पूर्व स०वि०स० एवं पूर्व मंत्री, भारत सरकार

(iii) स्व० माधवी सरकार, पूर्व स०वि०स०

(iv) स्व० चन्द्रमौलेश्वर सिंह ललन, पूर्व स०वि०स०

(v) स्व० बिलट पासवान, पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० महेन्द्र नारायण झा, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० मेदिनी पासवान, पूर्व स०वि०स०

(viii) स्व० राम नारायण राम, पूर्व स०वि०स०

तदोपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा कहा गया कि मेरे एवं संपूर्ण सदन की ओर से शोक संवेदना शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भेज दिये जाएँगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-01 अगस्त, 2016 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई ।

पटना

दिनांक-29.07.2016

राम श्रेष्ठ राय

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।